उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकः शि०से०आयोग / 100 / परीक्षा / 2024–25 दिनांक : 25.03.2025

प्रेस–विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज की विज्ञापन संख्या–51 (सहायक आचार्य) चयन परीक्षा दिनांक 16 एवं 17 अप्रैल, 2025 को दो पालियों में आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों पर **पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11:30 बजे** तक तथा **अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे** तक आयोजित की जायेगी।

2. दिनांक 16 अप्रैल 2025 को **प्रथम पाली** में संस्कृत, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास, गृहविज्ञान, चित्रकला, सैन्यविज्ञान / रक्षा अध्ययन, कृषि अर्थशास्त्र, उद्यानिकी तथा **द्वितीय पाली** में समाजशास्त्र, भूगोल, अंग्रेजी, गणित, मनोविज्ञान, शारीरिक शिक्षा, रसायन विज्ञान, संगीत–सितार / वादन, संगीत–तबला की परीक्षा आयोजित की जायेगी।

3. दिनांक 17 अप्रैल 2025 को **प्रथम पाली** में प्राचीन इतिहास, शिक्षाशास्त्र, भौतिक विज्ञान, वाणिज्य, मानवशास्त्र, वनस्पतिविज्ञान, एशियन कल्चर तथा **द्वितीय पाली** में संगीत–गायन, हिन्दी, उर्दू, दर्शनशास्त्र, सांख्यिकी, प्राणिविज्ञान, विधि, पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान की परीक्षा आयोजित की जायेगी।

4. विज्ञापन संख्या–51 में सम्मिलित सहायक आचार्य बी0एड0 विषय के जुलाई 2022 में विज्ञापित पदों का माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित याचिका संख्या–12803 / 22, उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुमत याचिका संख्या–17719 / 2023 में दिनांक 01.09.2023 को पारित आदेश के अनुपालन में शीघ्र विज्ञापन की प्रकिया सम्पादित करायी जायेगी। जिसका विस्तृत विवरण पृथक से निर्गत किया जायेगा।

25.3.2025

(मनोज कुमार)
सचिव

SarkariResult.Com